पंजाब केसरी 26/03/2026

जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने इको-फ्रेंडली बैग बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जी.एम.एन. कॉलेज में इको-फ्रैंडली बैग बनाते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 25 मार्च (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज में नैशनल एजुकेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे 'टू वीक चैलेंज' के अंतर्गत एस.डी.जी. क्लब, प्रबंधन विभाग, समाजशास्त्र विभाग और इन्क्यूबेशन सैल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों ने इको-फ्रैंडली बैग बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस गतिविधि में विद्यार्थियों ने पुराने कागजों और अन्य अनुपयोगी सामग्रियों का उपयोग कर पर्यावरण अनुकूल बैग तैयार किए। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की भावना को बढ़ावा देना तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल रचनात्मकता को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी उत्पन्न करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसे नवाचारपूर्ण कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।